



12 वर्ष निर्भीक पत्रकारिता के

अब 13 वें वर्ष की ओर

पाठकों/दर्शकों का असीम स्नेह

RNI No. CHHHIN/2011/38292

भारत सम्मान NEWS

हो जाओ सावधान...

Bharatsamman.com | Bharat samman | Bharat Samman





वर्ष-13 अंक-158 — अम्बिकापुर, शनिवार, 02 दिसम्बर 2023 — कुल पृष्ठ-4 मूल्य-1.00 रू.


# 4 दिसंबर तक तमिलनाडु तट को पार करेगा सायकलोन मिचाउंग आईएमडी का येलो अलर्ट; पुडुचेरी, कराईकल और यानम में स्कूल बंद

### आईएमडी का येलो अलर्ट जारी

आईएमडी द्वारा येलो अलर्ट जारी किए जाने के बाद पुडुचेरी, कराईकल और यानम में स्कूल बंद रहेंगे, क्योंकि चक्रवात मिचौंग के 4 दिसंबर तक तमिलनाडु तट को पार करने की संभावना है। चक्रवात के पश्चिम-उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ने की संभावना है, 2 दिसंबर तक एक गहरे दबाव में तब्दील हो जाएगा और 3 दिसंबर के आसपास बंगाल की दक्षिण-पश्चिम खाड़ी के ऊपर एक चक्रवाती तूफान में बदल जाएगा। इसके दिसंबर तक दक्षिण आंध्र प्रदेश और आसपास के उत्तरी तमिलनाडु तटों के पास पहुंचने की उम्मीद है।

### तमिलनाडु के मुख्य सचिव ने की बैठक

इस बीच, तमिलनाडु के मुख्य सचिव शिव दास मीना ने बंगाल की खाड़ी में चक्रवात मिचौंग के आने से पहले तैयारियों का आकलन करने के लिए वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से एक समीक्षा बैठक की। समाचार एजेंसी एएनआई के मुताबिक, 2 और 3 दिसंबर को पिचावरम बोटहाउस में यात्रियों और पर्यटकों की आवाजाही पर रोक लगा दी गई है। क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र द्वारा अगले दो दिनों में भारी बारिश की भविष्यवाणी की है, जिसके तहत तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने अधिकारियों से आवश्यक एहतियाती कदम उठाने का आग्रह किया है।



**नई दिल्ली।** देश के दक्षिणी राज्यों में पिछले कुछ समय से तेज बारिश हो रही है। पिछले 24 घंटों के दौरान लगभग 43 मिमी तक मध्यम वर्षा दर्ज की जा चुकी है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (ढ्ड्ढ) ने अब भी चेन्नई में बारिश जारी रहने की उम्मीद जताई है।
दरअसल, कल से शहर पर बंगाल की खाड़ी में बन रहे आगामी चक्रवात का प्रभाव दिखाई देगा, जो अगले 24 घंटों में तमिलनाडु के करीब पहुंचेगा। इससे भारी से मध्यम बारिश देखने को मिल सकती है। आइएमडी के मुताबिक, 3 दिसंबर तक तूफान के तट के करीब आने के कारण चेन्नई शहर में भारी से बहुत भारी बारिश होगी जो 4 दिसंबर को भी जारी रहेगी। वहीं, 3 और 4 दिसंबर के लिए आगामी चक्रवात मिचौंग के मद्देनजर उत्तरी तटीय तमिलनाडु के निवासियों के लिए येलो अलर्ट पहले ही जारी किया जा चुका है।

### दिसंबर 2023 से फरवरी 2024 तक कैसा रहेगा तापमान?

मौसम विभाग के मुताबिक, तमिलनाडु, पुडुचेरी और कराईकल, तटीय आंध्र प्रदेश और यनम, रायलसीमा, केरल और माहे और दक्षिण आंतरिक कर्नाटक वाले दक्षिण प्रायद्वीपीय भारत में दिसंबर 2023 तक बारिश होने की उम्मीद है। आईएमडी ने बताया कि आगामी सर्दियों के मौसम (दिसंबर 2023 से फरवरी 2024) के दौरान, देश के अधिकांश हिस्सों में सामान्य से अधिक न्यूनतम तापमान होने की संभावना है। आगामी सर्दियों के मौसम (दिसंबर 2023 से फरवरी 2024) के दौरान, मध्य और उत्तर-पश्चिम भारत के कुछ क्षेत्रों को छोड़कर, देश के अधिकांश हिस्सों में अधिकतम तापमान सामान्य से ऊपर रहने की संभावना है।

### हरियाणा के कई जिलों में बारिश

देश के कई राज्यों में बारिश हो रही है, जिससे तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। वहीं, हरियाणा के कई जिलों में बारिश हुई तो कहीं ओले गिरे, जिससे राज्य में ठंड का प्रकोप बढ़ गया है। बीते दिन भी कई जिलो में बारिश हुई। मौसम विभाग के अनुसार अगले दो से तीन दिन बारिश की संभावना है। ऐसे ही मौसम बना रहेगा। रात के तापमान में भी गिरावट आई है।

### हिमाचल के कुछ हिस्सों में बर्फबारी

हिमाचल के कुछ हिस्सों में बर्फबारी होने से प्रदेशवासी ठिठुरने लगे। आज प्रदेश में अधिकतर स्थानों पर मौसम के साफ रहने का अनुमान है। हालांकि कुछ स्थानों पर बादल छाए रहने, हिमपात व वर्षा की संभावना है। वहीं अधिकतम तापमान शिमला में 17 डिग्री और न्यूनतम तापमान 6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया जाएगा।

### उत्तराखंड में फिर बदला मौसम

उत्तराखंड में मौसम फिर शुष्क हो गया है। पर्वतीय क्षेत्रों में कहीं-कहीं आंशिक बादल छाये रहे। मैदानी क्षेत्रों में चटख धूप खिलने से अधिकतम तापमान सामान्य से अधिक बना हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार अगले कुछ दिन प्रदेश में मौसम शुष्क रहने का अनुमान है। पहाड़ से लेकर मैदान तक चटख धूप खिल सकती है।

# खेतों में पराली जलाना गंभीर समस्या, एनजीटी ने हरियाणा-पंजाब को दिए निर्देश



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने पंजाब और हरियाणा को एक जनवरी से एक सितंबर 2024 के बीच पराली जलाने से निपटने के लिए समयबद्ध योजना बनाने का निर्देश दिया है। एनजीटी ने जोर दिया है कि खेतों में पराली जलाना गंभीर समस्या है और उपचारात्मक कार्रवाई की तैयारी अभी से शुरू होनी चाहिए।

### एनजीटी ने कही ये बात

दरअसल, पंजाब में पराली जलाने के कारण वायु प्रदूषण में वृद्धि के बारे में एक अखबार की रिपोर्ट का एनजीटी ने संज्ञान लिया है। इसी मामले में पीठ सुनवाई कर रही है। एनजीटी अध्यक्ष जस्टिस प्रकाश श्रीवास्तव की पीठ ने कहा कि वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) की रिपोर्ट के अनुसार पंजाब में पराली जलने की 36,632 घटनाएं हुई और इनमें से 2,285 घटनाएं इस साल 15 सितंबर से 28 नवंबर के बीच हुई।

### जिलेवार आंकड़ों पर पीठ ने कही ये बात

पीठ ने कहा कि जिलेवार आंकड़ों के अनुसार, 15 सितंबर से 16 नवंबर के बीच पंजाब के संगरूर जिले में सबसे अधिक 5352 पराली जलाने की घटनाएं हुईं जबकि हरियाणा के फतेहाबाद जिले में 476 स्थानों पर पराली जली। पीठ ने यह स्वीकार किया है कि खेत में पराली जलाने की घटनाएं कम हो रही हैं। पीठ में न्यायिक सदस्य जस्टिस अरुण कुमार त्यागी और विशेषज्ञ सदस्य ए सेंथिल वेल भी शामिल हैं। पीठ ने बुधवार को पारित एक आदेश में कहा कि रिपोर्ट के अनुसार 28 नवंबर को हरियाणा में खेतों में आग लगने की कोई घटना नहीं हुई जबकि पंजाब में केवल 18 घटनाएं हुईं। इसमें कहा गया है कि धान के अवशेष जलाने का मुद्दा मुख्य रूप से 15 सितंबर से 30 नवंबर के बीच उठा।

### अवशेष जलाने की गंभीर समस्या हर साल पैदा होती है

एनजीटी ने कहा कि अवशेष जलाने की गंभीर समस्या हर साल पैदा होती है। इसलिए अगले साल यानी 2024 के लिए एक व्यापक योजना और उपचारात्मक कार्रवाई शुरू करने की जरूरत है। अब मामले की 19 जनवरी को सुनवाई होगी। ज्ञातव्य है कि दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण का एक प्रमुख कारण पराली का जलाना भी माना जाता है। इसे लेकर दिल्ली, हरियाणा और पंजाब सरकार में कई बार तकरार हो चुकी है।

# 4716 करोड़ के फर्जी जीएसटी बिल बनाने वाले चार गिरफ्तार



**कोलकाता।** बंगाल के वाणिज्यिक कर निदेशालय (राज्य जीएसटी) ने 4,716 करोड़ रुपये के फर्जी जीएसटी बिल बनाने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि इस संबंध में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। निदेशालय के इतिहास में 1941 के बाद से यह पहली बार है कि गिरफ्तारियां सीधे इसके जांच ब्यूरो के तहत की गई हैं। पहले गिरफ्तारी के लिए पुलिस की मदद ली जाती थी।

### मनी लांड्रिंग मामले में एक गिरफ्तार

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने रियल एस्टेट की दागी कंपनी शाइन सिटी द्वारा की गई धोखाधड़ी से जुड़ी मनी लांड्रिंग मामले में कंपनी के फरार मालिक के एक सहयोगी अभिषेक कुमार सिंह को गिरफ्तार किया है। ईडी ने एक बयान में कहा कि अभिषेक शाइन सिटी के मालिक रशीद नसीम का सहयोग करता था। वह अपराध की आय को इकट्ठा करने, छुपाने और सफेद करने में सक्रिय रूप से सहायता कर रहा था। ईडी का मामला उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा नसीम और शाइन सिटी ग्रुप आफ कंपनीज के खिलाफ दर्ज की गई लगभग 250 एफआइआर पर आधारित है। नसीम निवेश पर भारी रिटर्न का वादा कर 800-1,000 करोड़ रुपये एकत्र किया और अंतत लोगों को धोखा दिया। एजेंसी ने कहा कि उसकी जांच से पता चला है कि ऐसे कई एजेंट थे जो निवेशकों को लुभाने के लिए कंपनी को गलत लाभ पहुंचाने के लिए काम कर रहे थे और अपराध में नसीम और शाइन सिटी की मदद करते थे। ईडी की जांच में पाया गया कि अपराध की आय अन्य कंपनियों और व्यक्तियों को हस्तांतरित की गई थी। मुख्य एजेंटों में से एक सिंह ने अपराध की आय हासिल की।

### चार ऑपरेटरों ने बंगाल में 178 फर्जी कंपनियों का एक नेटवर्क बनाया

वाणिज्यिक कर निदेशालय के आयुक्त खालिद अनवर ने बताया कि दोनों रैकेटों में 801 करोड़ रुपये की भारी कर चोरी शामिल थी।अतिरिक्त आयुक्त सुदेशना मुखोपाध्याय ने कहा कि इन दोनों रैकेटों में शामिल कुल कारोबार 4,716 करोड़ रुपये है। उन्होंने कहा कि जांच से पता चला है कि चार ऑपरेटरों ने बंगाल में 178 फर्जी कंपनियों का एक नेटवर्क बनाया, और 801 करोड़ रुपये की कर चोरी करने के लिए फर्जी बिल जारी किए। इस मामले में जांच अभी भी जारी है।

## संपादकीय

### खालिस्तान समर्थन के नाम पर भारतीय राजदूतों के साथ अभद्रता चिंता की बात

पिछले कुछ समय से कनाडा, अमेरिका, ब्रिटेन और आस्ट्रेलिया में कुछ खालिस्तान समर्थकों ने जिस तरह की हरकतें करनी शुरू कर दी हैं, उससे यही लगता है कि भारत में मनमानी करने में मिली हताशा को अब वे दूसरे देशों में अभिव्यक्त कर रहे हैं। मुश्किल यह है कि बाहर के देशों में कुछ वजहों से कानूनी जटिलताओं का फायदा उठा कर अब वे सार्वजनिक रूप से उच्चाधिकारियों के साथ भी दुर्व्यवहार करने की कोशिश करने लगे हैं। अमेरिका में न्यूयार्क के लांग आइलैंड में रविवार को भारत के राजदूत के साथ खालिस्तान समर्थकों की हरकत उसी का संकेत है। गौरतलब है कि गुरुपर्व के अवसर पर भारत के राजदूत वहां एक गुरुद्वारे में अरदास करने और लोगों से मिलने-जुलने गए थे। मगर उस वक्त गुरुद्वारे में मौजूद खालिस्तान समर्थकों के एक समूह ने उनके साथ धक्कामुक्की की। हालांकि वहां मौजूद सिख समुदाय के अन्य सदस्यों ने उत्पात मचाने की कोशिश करने वाले खालिस्तान समर्थकों को गुरुद्वारे से बाहर निकाल दिया। मगर चंद खालिस्तान समर्थकों ने जैसी हरकत की, उसकी अनदेखी इसलिए भी नहीं की जानी चाहिए कि अगर वे गुरुद्वारे जैसे किसी सार्वजनिक स्थान पर एक अहम पद पर बैठे व्यक्ति के साथ धक्कामुक्की कर सकते हैं तो किसी अप्रत्याशित वारदात की आशंका से भी इनकार नहीं किया जा सकता। यों वहां मौजूद खुद सिख समुदाय के लोगों ने ही यह साबित किया कि अवांछित हरकत करने वाले लोगों को प्रतिनिधि चेहरे के तौर पर नहीं देखा जा सकता। गिनती के कुछ लोग अगर खालिस्तान समर्थन के नाम पर मनमानी करने की कोशिश कर रहे हैं तो वे कामयाब नहीं होंगे। कुछ उत्पातियों ने जिस वक्त भारतीय राजदूत के साथ धक्कामुक्की की, उससे ठीक पहले गुरुद्वारे के भीतर ही सिख समुदाय के लोगों ने उनका जोरदार स्वागत किया था। वहां भारतीय राजदूत ने यह भी कहा कि भारत का विदेश में बसे भारतीयों और सिख समुदाय के साथ करीबी रिश्ता कभी नहीं टूटेगा। जाहिर है, खालिस्तान समर्थक गुटों में एक तरह से इस बात से हताशा दिखती है कि अलगाववाद के झांसे में ज्यादातर सिख नहीं आ रहे हैं और उनकी प्राथमिकताओं में शांति ही है। मगर यह भी सच यह है कि अमेरिका और खासतौर पर कनाडा में पिछले कुछ समय से खालिस्तान समर्थक गुटों ने अपने पांव फैलाए हैं और भारत पर दबाव बनाने की कोशिश कर रहे हैं, उसके प्रति लापरवाही भी नहीं बरती जानी चाहिए। इसी वर्ष जून में कनाडा में एक खालिस्तानी अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या कर दी गई थी। उसकी हत्या को लेकर कनाडा की ओर से भारत पर निराधार सवाल उठाए गए, मगर सबूत मांगे जाने पर कनाडा के टालमटोल की स्थिति अब भी जारी है। इसके अलावा, हाल ही में एक खबर में किए गए दावे के मुताबिक, गुरपतवंत सिंह पन्नू को अमेरिका में मारने की साजिश रची जा रही थी और वहां की खुफिया संस्था एफबीआइ ने इसका खुलासा किया था।

# ऊनी कपड़ों की अच्छी से देखभाल के लिए अपनाएं ये 5 असरदार तरीके

**सर्दी का मौसम शुरू हो गया है और अब लोगों ने ठंड से बचने के लिए ऊनी कपड़े भी निकालना शुरू कर दिया है।हालांकि, ऊनी कपड़ों को एक साल बाद अलमारी से निकालने से उनमें से बदबू आने लगती है। साथ ही उनकी ठीक तरीके से देखभाल नहीं करने पर उनकी चमक भी फीकी हो जाती है।आइये आज ऊनी कपड़ों की अच्छे से देखभाल और उनमें से आने वाली बदबू को दूर करने के असरदार तरीके जानते हैं।**

### लिंट रिमूवर ब्रश का करें इस्तेमाल

सर्दियों में ऊनी कपड़ों और कोट को अच्छी स्थिति में रखने के लिए उनकी सही देखभाल करना बहुत जरूरी है, लेकिन कई बार इन कपड़ों में रोएं आ जाते हैं और धूल जम जाती है।इसके लिए आप लिंट रिमूवर ब्रश का इस्तेमाल करें। किसी भी ऊनी कपड़े या कोट को पहनने से पहले और बाद में उसे लिंट रिमूवर ब्रश से साफ करें ताकि उसकी चमक बनी रहें और वह नया दिखे।



### हाथों से धोएं ऊनी कपड़े

ऊन आमतौर पर गंध-प्रतिरोधी, क्रीज-प्रतिरोधी और दाग-प्रतिरोधी होती है, इसलिए ऊनी कपड़ों को कम धोना चाहिए।इसके अलावा जब भी आप इन कपड़ों को धोएं, तब इन्हें वॉशिंग मशीन की बजाय अपने हाथों से ही धोएं।इन्हें धोने के लिए विशेष रूप से सर्दियों के कपड़ों के लिए बनाए गए डिटर्जेंट का ही इस्तेमाल करें और धोने से पहले इन्हें 5 मिनट के लिए पानी में भिगो दें।याद रखें कि इन कपड़ों को ठंडे पानी से ही धोना है।

### ऊनी कपड़ों को धूप में रखें

सर्दी के मौसम में ऊनी कपड़ों से एक अजीब-सी बदबू आती रहती है। इसे दूर करने के लिए सबसे आसान तरीका है कि इन्हें धूप में रखा जाए।इसके लिए सर्दी में जैसे ही धूप निकले वैसे ही अपनी अलमारी से ऊनी कपड़ों को निकालकर कुछ देर के लिए धूप में रख दें।ऐसा करने से कपड़ों की बदबू अपने आप गायब हो जाएगी और कपड़े बैक्टीरिया मुक्त हो जाएंगे।

### बेकिंग सोडा का करें इस्तेमाल

ऊनी कपड़ों की बदबू से छुटकारा पाने और उन्हें सही स्थिति में रखने के लिए बेकिंग सोडा का भी इस्तेमाल किया जा सकता है।जब आप कपड़ों को धूप में सूखा लें तो फिर बेकिंग सोडा को एक पोटली में बांधकर इन कपड़ों के बीच में रख दें।इससे आपके ऊनी कपड़े बदबू रहित और बैक्टीरिया मुक्त रहेंगे।ऊनी कपड़ों को खराब होने से बचाने के लिए इन तरीकों को अपनाएं।

### एसेंशियल ऑयल भी है कारगर

ऊनी कपड़ों को खुशबूदार बनाए रखने के लिए एसेंशियल ऑयल का इस्तेमाल किया जा सकता है। इसके लिए आप अपना कोई भी पसंदीदा एसेंशियल ऑयल चुन सकते हैं।जब आप ऊनी कपड़े पानी में धोएं तो उसमें अच्छी खुशबू वाले एसेंशियल ऑयल की 4-5 बूंदें मिला लें।इससे धोने के बाद भी आपके ऊनी कपड़ों में महक बरकरार और बदबू दूर रहेगी।कपड़ों की अच्छी देखभाल के लिए इन हैक्स को भी आजमाएं।

# कांतारा चैप्टर 1 की अनाउंसमेंट वीडियो ने पूरे देश में मचाई धूम, सिर्फ 24 घंटों में इसे मिले 12 मिलियन व्यूज

ऋषभ शेट्टी एक बार फिर बड़े पर्दे पर तहलका मचाने के लिए तैयार है. हाल ही में उन्होंने कांतारा चैप्टर 1 की अनाउंसमेंट की है. इस घोषणा के साथ उन्होंने फिल्म का एक टीजर भी जारी किया था. वहीं इस टीजर के सामने आने के बाद फैंस खुशी से धूम उठे हैं. फिल्म का दमदार टीजर देखने के बाद चारों तरफ तहलका मचा गया है. फिल्म के फर्स्ट-लुक पोस्टर और टीजर ने पूरे देश में धूम मचा दी है. फिल्म को लेकर फैंस के बीच जोरदार चर्चा हो रही है. वहीं रिलीज के 24 घंटों के भीतर टीजर को 12 मिलियन व्यूज मिल चुके हैं. इस खबर को होम्बले फिल्म्स ने शेयर करते हुए लिखा, 12 मिलियन व्यूज और गिनती जारी है. कांतारा टीजर का जादू अब दर्शकों के दिलों को आकर्षिक कर रहा है. टीजर में ऋषभ शेट्टी की दमदार और डरावनी झलक देखने को मिल रही है. वहीं वीडियो की शुरुआत प्रसिद्ध दहाड़ से होती है, जो पहली फिल्म में भी सुना गया था. इसके साथ ही इसका फ्यूचर और पास्ट से कनेक्शन दिखाते हैं.वहीं बैकग्राउंड में एक खूंखार म्यूजिक भी सुनाई दे रहा है. टीजर को देखने के बाद किसी के भी रोंगटे खड़े हो जाएंगे. वहीं पहले पार्ट के बाद फिल्म के अगले पार्ट का भी फैंस को बेसब्री से इंतजार है. वहीं कांतारा चैप्टर 1 के अगले साल 7 भाषाओं कांतारा चैप्टर-1 को हिंदी और कन्नड़ सहित तमिल, तेलुगु, मलयालम, इंग्लिश और बंगाली भाषा में रिलीज होगी इसकी शूटिंग दिसंबर के अंत में शुरू होगी. फिलहाल फिल्म के कलाकारों का खुलासा नहीं किया गया है, लेकिन फिल्म का पहला लुक असाधारण कहानी से भरी एक समानांतर दुनिया की यात्रा को दर्शाता है.






आमजन, गरीब-मज़लूमों पर होने वाले अत्याचार के विरुद्ध क्रांतिकारी पत्रकारिता का नाम है भारत सम्मान, जब शासन-सत्ता में बैठे ऐसे लोग जो पद-पावर के नशे में चूर होकर करते हैं अपने कर्तव्यपालन में चूक तो भारत सम्मान करता है उन्हें दुरुस्त...

2011 से भारत सम्मान आगे बढ़ रहा है और मिसाल क़ायम कर रहा है ईमानदार पत्रकारिता की..

भारत सम्मान दैनिक समाचार पत्र के साथ-साथ वेबसाईट - www.bharatsamman.com, फेसबुक पेज - Bharat Samman व यू-ट्यूब - Bharat Samman News के माध्यम से जनहित के खबरों को प्राथमिकता देते हैं। हमारा दावा है यदि आप पर ज़ुल्म हुआ है, आप न्याय के लिए कर रहे हैं संघर्ष तो केवल एक ही नाम आपको याद होना चाहिए...

**भारत सम्मान**

**इसी क्रांतिकारी मुहिम से निम्न जगहों पर जुड़ने के लिए सम्पर्क करें**

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र, गोवा, उत्तर प्रदेश, उतराखण्ड, बिहार, बंगाल व देश के सभी राज्यों में ब्यूरो व संवाददाता बनने संपर्क कर सकते हैं।

**इन पदों में होंगे नियुक्त...**

1 - राज्य ब्यूरो प्रमुख
2 - राज्य अपराध ब्यूरो प्रमुख
3 - जिला ब्यूरो प्रमुख
4 - जिला अपराध ब्यूरो प्रमुख
5 - तहसील संवाददाता
6 - तहसील अपराध संवाददाता

अपना फोटो लगा बायोडाटा हमारी ई-मेल आईडी bharatsammannews@gmail.com या व्हाट्सएप No. 07828866957 पर भेजे।

**नोट**

1. केवल ईमानदार लोग ही संपर्क करें, पत्रकारिता के नाम पर वसूली करने अथवा ब्लैकमेल करने वालों से हमारा कोई वास्ता नहीं
2. यहां नौकरी नहीं दी जाती है, यदि हमारे संस्था के नाम का गलत इस्तेमाल करता है, तो हमारे द्वारा जारी नंबर पर शिकायत जरूर करें।

प्रसार/प्रबंध- सम्पादक- भारत सम्मान न्यूज नेटवर्क- 07828866957, 09303890212

# गाय के चारे में ज्यादा प्रोटीन से गोबर से निकलती है पर्यावरण के लिए नुकसानदायक विषैली गैसें, रिसर्च में पता चली ये बात



**रायपुर।** गोबर से कार्बन डाइआक्साइड, मिथेन और नाइट्रस आक्साइड गैस निकलती हैं। ये पर्यावरण के लिए ज्यादा नुकसानदायक हैं। गाय को बड़ी मात्रा में प्रोटीन, वसा, कार्बोहाइड्रेटयुक्त खाना खिलाने से यह विषैली गैसें निकलती हैं। रायपुर के रहने वाले हर्ष साहू जर्मनी में गाय की गोबर में पाए जाने वाले अपशिष्ट पदार्थों पर शोध कर रहे हैं। डेयरी कालेज में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने रायपुर पहुंचे हर्ष साहू ने बताया कि वे जर्मनी के वैज्ञानी प्रोफेसर डा. थामस आमुक के मार्गदर्शन में शोध कर रहे हैं। अब तक उन्होंने अपने रिसर्च में पाया है कि पशुओं को दिए जाने वाले चारे में प्रोटीन की मात्रा अधिक होने से, बहुत सारी प्रोटीन अपच हो जाती है। इससे बनने वाली गैसें अपशिष्ट पदार्थ के रूप में गोबर के माध्यम से बाहर निकलती हैं।

### काम के साथ कर रहे शोध

25 वर्षीय हर्ष साहू ने बताया कि डेयरी टेक्नोलाजी में मेरी रुचि थी। मैंने रायपुर के डेयरी कालेज में 2016 में दाखिला लिया। स्नातक के बाद 2019 में जर्मनी के एक विश्वविद्यालय से पीजी करने का मन बनाया। जर्मनी में पढ़ने का सपना सेकेंड ईयर से था। मैं उस समय एडवांस स्टडी के लिए काफी रिसर्च करता रहता था। जर्मनी के शोध कार्यों से मैं प्रभावित हुआ। उनके रिसर्च वर्क को पढ़कर मैं सोचता था मुझे कब वहां के बड़े वैज्ञानियों के साथ काम करने का मौका मिलेगा। इसके बाद मई 2019 में मैंने वहां दाखिला लिया। 2021 में स्नातकोत्तर पूरा करने के बाद से जर्मनी के ही एक संस्थान में रिसर्च साइंटिस्ट के रूप में काम कर रहा हूं। वहां 56 लाख रुपये वार्षिक आय है। साथ ही बायो मेडिकल साइंस में पीएचडी भी कर रहा हूं।

### लेटर आफ मोटिवेशन महत्वपूर्ण

हर्ष ने बताया कि मेरे पिता घनश्याम साहू बिजनेसमैन और माता गृहणी हैं। उन्होंने बताया कि जर्मनी या दूसरे यूरोपीय देशों में स्नातकोत्तर करना भारत में पीजी करने से आसान है। विदेश में पढ़ाई करने के लिए आर्थिक रूप से सक्षम रहना जरूरी है। अंग्रेजी भाषा पर मजबूत पकड़, शोध की आधारभूत जानकारी, लैब से जुड़े सभी जानकारी होनी चाहिए। एब्रोड कंट्री लेटर आफ मोटिवेशन बहुत महत्वपूर्ण होता है। आपका लेटर आफ मोटिवेशन नया और अलग होना चाहिए। सीनियर या इधर-उधर से कापी पेस्ट न हो।

### भारत में 10 वर्ष बाद बन सकती है बड़ी समस्या

शोध कार्य पूरा होने पर मैं रायपुर आकर काम करूंगा। मेरे सारे रिसर्च इसी पर आधारित है कि इसका भारत में कैसे उपयोग किया जा सकता है। आज मैं जो रिसर्च कर रहा हूं गोबर से हानि के बारे में, हम इसके बारे में सोचते भी नहीं हैं। विदेश में इस पर शोध शुरू हो चुका है। आने वाले 10 वर्ष बाद यहां भी यह समस्या आएगी। तो मैं जब भारत वापस लौटूं तो मेरे पास समस्या का समाधान हो।

# हाथियों ने फिर एक ग्रामीण को कुचल कर मार डाला, लगातार दूसरे दिन हुई घटना से भयभीत हैं ग्रामीण



**अंबिकापुर।** बलरामपुर जिले के शंकरगढ वन परिक्षेत्र में लगातार दूसरे दिन जंगली हाथियों के हमले से ग्रामीण की मौत हो गई। एक सप्ताह के भीतर हाथियों के हमले से तीन लोगों की मौत हो चुकी है। लगातार घटनाओं के बाद भी वन विभाग की ओर से जनहानि रोकने जमीनी स्तर पर सार्थक प्रयास नहीं किए जा रहे हैं। जंगली हाथियों की सही तरीके से निगरानी नहीं होने और ग्रामीणों को उस अनुरूप सतर्क नहीं करने के कारण घटनाएं हो रही है। बलरामपुर जिले के शंकरगढ़ वन परिक्षेत्र अंतर्गत ग्राम परसाढोडी में शनिवार भोर में हाथियों ने एक ग्रामीण को कुचल कर मार डाला।मृतक भोर में खेत की ओर जा रहा था इसी दौरान क्षेत्र में घूम रहे हाथियों के दल से उसका सामना हो गया। हाथियों ने उसे कुचलकर मार दिया। इस घटना की जानकारी पर वन विभाग की टीम सुबह गांव पहुंची और मृतक के स्वजन को तत्कालीन सहायता राशि दी। घटना की सूचना पर पुलिस टीम भी गांव पहुंची थी।



# तीन दिसंबर को छत्तीसगढ़ के दौरे पर होंगे उपराष्ट्रपति धनखड़, हिदायतुल्ला यूनिवर्सिटी के छात्रों से करेंगे मुलाकात

**रायपुर।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ तीन दिसंबर 2023 को छत्तीसगढ़ के दौरे पर होंगे। उपराष्ट्रपति धनखड़ रायपुर में हिदायतुल्ला यूनिवर्सिटी के छात्रों से मुलाकात करेंगे। छत्तीसगढ़ प्रवास के दौरान उपराष्ट्रपति धनखड़ राजभवन में जाएंगे। वे वहां राज्यपाल से भी मुलाकात करेंगे।

# घर के बाहर खेल रहे बालक पर तेंदुआ ने किया हमला, मां ने दिखाई हिम्मत, डंडे से किया प्रहार तो भागा तेंदुआ

**अंबिकापुर।** सूरजपुर जिले के ओड़गी विकासखंड अंतर्गत ग्राम बेदमी में शुक्रवार की शाम घर के बाहर खेल रहे बालक पर तेंदुआ ने हमला कर दिया। बालक की चीख सुनकर मां बाहर निकली। उसने हिम्मत से काम लिया। डंडे से तेंदुआ पर प्रहार करना शुरू किया जिससे तेंदुआ तेजी से वहां से भाग निकला। बीच बस्ती में तेंदुआ के आ जाने से भय का माहौल बना रहा।

गांव वालों ने बताया कि गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान क्षेत्र में तेंदुआ सहित अन्य वन्य प्राणियों की उपस्थिति है। पिछले कुछ दिनों से एक तेंदुआ आबादी क्षेत्र के आसपास पहुंच रहा है शुक्रवार की शाम ग्राम बेदमी निवासी सुरेंद्र गुर्जर का पुत्र सौरभ गुर्जर (12) घर के बाहर खेल रहा था। इस दौरान तेंदुआ ने अचानक उस पर आक्रमण कर दिया। बालक ने चीखना शुरू किया। आसपास के लोग जमा हो पाते, उसके पहले ही बालक की मां ने हौसला दिखाते हुए सूझबूझ से तेंदुआ पर डंडे से प्रहार किया। तब तक ग्रामीणों ने भी शोर ल मचाना



शुरू कर दिया था। इस कारण तेंदुआ वहां से तेजी से भाग निकला। बताया जा रहा है कि बेदमी बस्ती में तेंदुआ प्रवेश कर गया था। चारों ओर घनी आबादी का क्षेत्र है।यहां से जंगल की दूरी लगभग दो किलोमीटर है। पहले जंगल में ही मवेशियों का शिकार तेंदुआ द्वारा किया जाता था लेकिन इस बार बस्ती में बालक पर हमले की घटना से लोग भयभीत हैं। घायल बालक को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ओड़गी में भर्ती कराया गया। यहां उसका उपचार किया जा रहा है। गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान क्षेत्र से अक्सर वन्य प्राणी आबादी क्षेत्र की ओर प्रवेश कर जाते हैं। पिछले वर्ष एक बाघ राष्ट्रीय उद्यान क्षेत्र से बाहर निकाल कर आबादी क्षेत्र में प्रवेश कर गया था। दो ग्रामीणों पर हमला कर उसने मौत के घाट उतार दिया था। ग्रामीणों ने भी बाघ पर टांगी से प्राणघातक वार किया था। जख्मी हालत में बाघ को रेस्क्यू कर रायपुर ले जाया गया था। इस क्षेत्र में तेंदुआ के अलावा समय-समय पर बाघ की चहल कदमी भी होती रहती है। इन दिनों हाथियों का भी स्वच्छंद विचरण इलाके में हो रहा है। क्षेत्र के सेवाभावी युवा लवकेश गुर्जर ने बताया कि बेदमी में हुई घटना चिंताजनक है। यदि बालक की मां ने हिम्मत नहीं दिखाई होती तो अनहोनी हो सकती थी।

## सार-समाचार

### युवक से मारपीट

**रायपुर।** शराब के लिए पैसा नहीं देने पर दो युवकों ने एक युवक से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर खम्हारडीह पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी पार्थ टंडन 22 वर्ष आनंदम वर्ड सिटी खम्हारडीह का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी महाकाल पान दुकान के पास खम्हारडीह में खड़ा था, तभी आरोपी एफ्रज अपने दोस्त के साथ आया और प्रार्थी से शराब पीने के लिए पैसा मांगा। प्रार्थी द्वारा पैसे नहीं देने पर आरोपियों ने प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर खम्हारडीह पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294,506,323,327 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### पत्नी को पीटा

**रायपुर।** अवनी विहार दलदल सिवनी में घरेलू विवाद को लेकर पति ने पत्नी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थिया की शिकायत पर मोवा पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया दिप्ति पिल्ले 41 वर्ष अवनी विहार दलदल सिवनी का रहने वाली है। बताया जाता है कि घरेलू विवाद को लेकर प्रार्थिया के पति आरोपी मितेश कुमार स्वामी ने प्रार्थिया से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थिया की शिकायत पर मोवा पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ धारा 294,506,323 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### सेल्समेन ने की ग्राहक से मारपीट

**रायपुर।** छोटे उरला के शराब दुकान में सेल्समेन ने ग्राहक से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर अभनपुर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी राकेश सिन्हा 36 वर्ष सरस्वती नगर का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी छोटे उरला के शराब दुकान में शराब खरीदने गया था। जहां ओवररेट लगाने पर प्रार्थी ने आपत्ति जताई तो शराब दुकान के सेल्समेन आरोपी आदित्य बघेल व अन्य ने प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर अभनपुर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### सरेआम शराब पीते 20 पकड़ाए

**रायपुर।** राजधानी पुलिस ने नशेड़ियों के खिलाफ अभियान चलाकर सरेआम शराब पीते 20 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार गंज पुलिस ने रेलवे स्टेशन के पास सरेआम शराब पीते आरोपी देव निषाद 28 वर्ष, योगेश यादव 31 वर्ष, रवि यादव 35 वर्ष व दौलत निषाद 31 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह आजाद चौक पुलिस ने आरोपी विरेन्द्र नागपुरे 33 वर्ष, पवन देवांगन 30 वर्ष व राजा भारद्वाज 23 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं उरला पुलिस ने आरोपी निकलेश साहू 20 वर्ष व अर्जुन देवांगन 63 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं गुढ़ियारी पुलिस ने आरोपी श्रवण निर्मलकर 33 वर्ष व भवनीक सिंह 35 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं गोलबाजार पुलिस ने आरोपी दक्ष वर्मा 19 वर्ष, रंधीर कुमार शर्मा 30 वर्ष, भुवनेश्वर सिंह 29 वर्ष व बृजनंदन बंजारे 20 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह सिविल लाइन पुलिस ने आरोपी राजकुमार शर्मा 35 वर्ष व लोकेश कुंभकार 30 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं खरोरा पुलिस ने आरोपी राजेश पटेल 50 वर्ष, लालू यादव 26 वर्ष व परमा यादव 22 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

### चाकू लहराते युवक गिरफ्तार

**रायपुर।** टिकरापारा पुलिस ने नया बस स्टेण्ड के पास भाठागांव में चाकू लहराते एक युवक को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को सूचना मिली कि भाठागांव बस स्टेण्ड के पास एक युवक चाकू लेकर आम लोगों को डरा धमका रहा है। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने आरोपी रोशन सिंह 23 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से चाकू जब्त किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### अफसर की संदिग्ध हालात में मौत

**कोरबा-रायपुर।** जल संसाधन विभाग कोरबा के कार्यपालन अभियंता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। वहीं पुलिस के आला अधिकारी भी मौके पर पहुंचकर प्रारंभिक जांच-पड़ताल में जुट गए हैं। मृतक के शरीर में चोटों के निशान मिलने से मामला प्रथम दृष्टया हत्या का प्रतीत हो रहा है। मानिकपुर चौकी पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। सूत्रों ने बताया कि मानिकपुर पुलिस चौकी अंतर्गत घंटाघर के समीप पावर हाइट्स के मून ब्लॉक के आवास क्रमांक 304 में सिंचाई विभाग के कार्यपालन अभियंता राजेश धवनकर निवास करते थे। उन्हें गुरुवार की देर शाम इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया. जहां डॉक्टरों ने परीक्षण उपरांत उन्हें मृत घोषित कर दिया. मामला संदिग्ध होने के कारण डॉक्टर ने तत्काल अस्पताल पुलिस को मेमो भेज दिया. जैसे ही सिंचाई विभाग के अफ्सर के मौत की खबर मिली तो पुलिस हरकत में आ गई. पूछताछ कर रही है।

# छत्तीसगढ़ में 1181 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला कल, सबसे पहले इस सीट का रिजल्ट होगा घोषित

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव-2023 के तहत 90 विधानसभा क्षेत्रों का परिणाम तीन दिसंबर को आएगा। निर्वाचन कार्यालय के अधिकारियों के मुताबिक मतगणना की तैयारियां पूरी कर ली गई है। दो चरणों में हुए मतदान के बाद सभी 33 जिला मुख्यालयों तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। पहले चरण में 20 सीटों के लिए 223 व दूसरे चरण की 70 सीटों के लिए कुल 958 प्रत्याशी मैदान पर हैं।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबा साहेब कंगाले ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र कवर्धा, पंडरिया, कसडोल, सारंगढ़, बिलाईगढ़, भरतपुर-सोनहत में केंद्रीय चुनाव आयोग द्वारा ईवीएम के माध्यम से मतों की गणना के लिए पूर्व में अनुमोदित 14-14 टेबल में 7-7 अतिरिक्त टेबल लगाए जाने के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया है। अतिरिक्त टेबल संख्या के अनुमोदन के बाद इन विधानसभा क्षेत्रों में ईवीएम द्वारा मतों की गणना के लिए




अनुमोदित टेबल की संख्या 14 के स्थान पर 21 हो गई है। अब कवर्धा और कसडोल में 20 चक्र, पंडरिया में 19, सारंगढ़ में 17, बिलाइगढ़ में 18, भरतपुर सोनहत में 15 चक्रों में ईवीएम द्वारा मतगणना की जाएगी। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी राजनीतिक दलों एवं प्रत्याशियों से अपील की है कि संबंधित विधानसभा क्षेत्रों में निर्वाचन कायार्लाय द्वारा अनुमोदित अतिरिक्त टेबल के लिए अतिरिक्त गणना अभिकर्ता आज ही नियुक्त करें।

### 90 विधानसभा में कहां-कितने राउंड में होगी मतगणना

भरतपुर-सोनहत-15, मनेन्द्रगढ़-12, बैकुंठपुर-17, प्रेमनगर-20, भटगांव-22, प्रतापपुर-22, रामानुजगंज-20, सामरी-19, लुंड्रा-19, अम्बिकापुर-21, सीतापुर-18, जशपुर-24, कुनकुरी-20, पत्थलगांव-20, लैलूंगा-21, रायगढ़-21, सारंगढ़-17, खरसिया-21, धर्मजयगढ़-21, रामपुर-21, कोरबा-18, कटघोरा-19, पाली-तानाखार-22, मरवाही-18, कोटा-20, लोरमी-19, मुंगेली-20, तखतपुर-21, बिल्हा-23, बिलासपुर-17, बेलतरा-18, मस्तूरी-24, अकलतरा-17, जांजगीर-चांपा-16, सक्ती-17, चंद्रपुर-19, जैजैपुर-20, पामगढ़-16, सराईपाली-20, बसना-21, खल्लारी-20, महासमुंद-18, बिलाईगढ़-18, कसडोल-20, बलौदाबाजार-22, भाटापारा-21, धरसींवा-18, रायपुर ग्रामीण-22, रायपुर नगर पश्चिम-19, रायपुर नगर उत्तर-15, रायपुर नगर दक्षिण-19, आरंग-18, अभनपुर-18, राजिम-20, बिंद्रानवागढ़-22, सिहावा-19 कुरूद-17, धमतरी-19, संजारी बालोद-19, डौंडीलोहारा-20, गुंडरदेही-21, पाटन-18, दुर्ग ग्रामीण-17, दुर्ग शहर-16, भिलाई नगर-12, वैशाली नगर-18, अहिवारा-19, साजा-22, बेमेतरा-20 और नवागढ़-22, पंडरिया-19, कवर्धा-20, खैरागढ़-21, डोंगरगढ़-20, राजनांदगांव-16,डोंगरगांव-18,खुज्जी-19, मोहला-मानपुर-17,अंतागढ़-16, भानुप्रतापुर-19, कांकेर-18, केशकाल-21, कोंडागांव-18, नारायणपुर-19, बस्तर-16, जगदलपुर-18, चित्रकोट-18, दंतेवाड़ा-20, बीजापुर-18, कोंटा-17

### 90 विधानसभाओं में 1 लाख तीन हजार 566 डाक मतपत्र प्राप्त

राज्य में 90 विधानसभाओं में अब तक सभी श्रेणियों के कुल एक लाख तीन हजार 566 डाक मतपत्र प्राप्त हो चुके हैं। इसमें सेवा मतदाताओं के ईटीपीबी, निर्वाचन ड्यूटी कर्मचारियों के सुविधा केंद्रों से प्राप्त डाक मतपत्र और 80 वर्ष से अधिक वरिष्ठ नागरिक, दिव्यांग एवं अनिवार्य सेवा मतदाताओं के प्राप्त डाक मतपत्र सभी शामिल है।

### 1.54 करोड़ से अधिक मतदान, आठ हजार कर्मचारी

प्रदेशभर के 33 जिलों में मतगणना में आठ हजार से अधिक अधिकारी-कर्मचारी शामिल रहेंगे। साथ ही मतगणना केंद्रों के चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल की मौजूदगी रहेगी। मतगणना की शुरूआत सुबह आठ बजे से होगी। छत्तीसगढ़ में 2 करोड़ तीन लाख से अधिक मतदाताओं में से 76.31 प्रतिशत मतदाताओं ने मताधिकार का प्रयोग किया। लगभग एक करोड़ 54 लाख 90 हजार से अधिक लोगों ने मतदान किया।

## धोखाधड़ी के आरोप पर भाजपा अजजा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष गिरफ्तार, शंकरगढ पुलिस ने की गिरफ्तारी

**अंबिकापुर।** छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी में आपरेटर की नौकरी लगवाने का झांसा देकर तीन लाख की ठगी करने के आरोप में शंकरगढ़ पुलिस ने भाजपा नेता सेतराम बड़ा को गिरफ्तार कर न्यायिक डिमांड पर भेज दिया है। आरोपित सेतराम बड़ा भाजपा सरगुजा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के उपाध्यक्ष हैं। वे पूर्व में जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ से जुड़े हुए थे। जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ की टिकट पर उन्होंने वर्ष 2018 में सीतापुर विधानसभा का चुनाव भी लड़ा था। बाद में उन्होंने भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर ली थी। संगठन ने भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा में जिम्मेदारी दी थी। शंकरगढ़ थाना प्रभारी जितेंद्र सोनी ने बताया कि शंकरगढ़ निवासी अनिल कुमार खाखा ने सेतराम बड़ा के विरुद्ध लिखित शिकायत दर्ज कराई थी। उनका कहना था कि सेतराम बड़ा ने छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी में आपरेटर की नौकरी लगवाने का आश्वासन दिया था। इसके एवज में तीन लाख रुपये की मांग की थी। थाना प्रभारी के मुताबिक प्रार्थी ने तीन किस्त में



एक-एक लाख रुपए सेतराम बड़ा को दिए थे। बिजली आपरेटर की नौकरी नहीं लगने पर जब प्रार्थी ने रूपयों की मांग की तो आरोपित देने से इनकार करने लगा।तब प्रार्थी ने पुलिस से लिखित शिकायत की थी। लिखित शिकायत की जांच में आरोप प्रमाणित पाए गए आरोपित सेतराम बड़ा के विरुद्ध धोखाधड़ी का अपराध पंजीकृत किया गया था। उसकी तलाश की जा रही थी। आखिरकार उसे गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

## उत्तर छग में छाया घना कोहरा, दृश्यता 50 मीटर से भी कम

**अंबिकापुर।** उत्तर छत्तीसगढ़ में पश्चिमी विक्षोभ का असर कम होते ही समूचे इलाके में घना कोहरा छाया हुआ है। कोहरे के कारण दृश्यता 50 मीटर से भी कम हो गई है। कोहरा ,ओस की बूंदों की तरह टपक रहा है। खेतों के हरियालीयुक्त स्थलों पर कोहरा ज्यादा घना है। शनिवार को इस सीजन का सर्वाधिक घना कोहरा छाने के कारण वाहनों की गति पर भी असर पड़ा है।

वाहनों की लाइट जलाकर लोग आना-जाना कर रहे हैं। पिछले कुछ दिनों से उत्तर छत्तीसगढ़ का मौसम बदला हुआ है। तीन दिनों से आसमान में बादल छाए हुए थे। कुछ इलाकों में तेज बारिश भी हुई थी। अंबिकापुर शहर सहित आसपास के इलाके में पिछले दो दिनों से बूंदाबांदी भी हो रही थी। उत्तर भारत में सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ के असर के कारण सरगुजा संभाग के मौसम में उतार-चढ़ाव बना हुआ है।

मौसम विज्ञानियों के अनुसार अभी भी विक्षोभ का असर समाप्त नहीं हुआ है। इसलिए आसमान में हल्के बादल छाए रहेंगे। मौसम में उतार चढ़ाव के बीच




शनिवार सुबह जब लोग सो कर उठे तो मौसम पूरी तरीके से बदला हुआ था। चारों ओर घना कोहरा छाया हुआ था। कोहरे के कारण दृश्यता कम हो गई थी। दो पहिया, चार पहिया वाहनों के चालकों को आवागमन में भी परेशानियों का सामना करना पड़ा। लाइट जलाने के बाद भी ज्यादा दूरी तक कुछ भी स्पष्ट दिखाई नहीं दे रहा था। शनिवार को अंबिकापुर शहर की ज्यादातर स्कूल सुबह लगती है इसलिए अभिभावक भी बच्चों को लेकर सावधानी से आना-जाना कर रहे थे। ऐसे स्थल जहां पेड़ पौधे अधिक है, वहां कोहरे के कारण पत्तियों में जमी ओस की बूंदे पानी की तरह टपक रही थी। मध्य रात्रि के बाद से ही कोहरा छाने लगा था। लंबी दूरी की यात्री बसें भी निर्धारित समय से विलंब से गंतव्य तक पहुंची है।

रायपुर, बिलासपुर, बनारस की ओर से आने वाली बसों की गति भी धीमी होने के कारण सुबह विलंब से ये बसें अंबिकापुर पहुंची है। अभी भी कोहरा छाया हुआ है। धूप नहीं निकली है। मौसम पूर्वानुमानों के अनुरूप कोहरा छंटने और मौसम खुलने के बाद कड़ाके की ठंड पड़ेगी। उत्तर छत्तीसगढ़ में अभी तक ठंड पूरी तरीके से जोर नहीं पकड़ सकी थी। एक दिन न्यूनतम तापमान 10 डिग्री से नीचे जरूर पहुंच गया था लेकिन विक्षोभ के प्रभाव से बादल छा जाने के कारण दिन और रात के तापमान में वृद्धि होने लगी थी। मौसम साफ होने के बाद ठंड के तेवर और तीखे होंगे।

## सीएम बघेल ने आनलाइन बेटिंग से जुड़े प्लेटफार्म पर बैन लगाने के लिए पीएम मोदी को लिखा पत्र, बोले- केंद्रीय स्तर हो कार्रवाई

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आनलाइन बेटिंग के अवैध कारोबार से जुड़े प्लेटफार्म पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगाने की मांग की है। सीएम बघेल ने इसे लेकर पीएम मोदी को पत्र लिखा है। उन्होंने आनलाइन बेटिंग के अवैध कारोबार से जुड़े प्लेटफ़ार्म को वेब, एपीके, टेलीग्राम, इंस्टाग्राम, यूआरएल आदि पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगाने की मांग की है। सीएम बघेल ने पत्र में लिखा है कि आनलाइन बेटिंग एप के संचालक संचालक विदेश में अवैध कारोबार का संचालन करते आ रहे हैं। इस पर केंद्र स्तर कार्रवाई ही संभव है। छत्तीसगढ़ सरकार और यहां की पुलिस प्रशासन शुरू से ही इस अवैध कारोबार पर लगातार कार्रवाई करते आ रही है। इस संबंध में कई अपराध भी दर्ज किए गए हैं और संलिप्त आरोपियों को पकड़कर उनके परिसंपत्तियों जब्त करने में भी सफलता मिली है। बता दें कि विधानसभा चुनाव के बीच आनलाइन सट्टेबाजी के लिए इस्तेमाल की जाने वाली महादेव एप का मुद्दा सुर्खियों में रहा। इसी बीच केंद्र सरकार ने महादेव एप सहित 22 एप पर प्रतिबंध लगा दिया है। महादेव एप मामले में मुख्यमंत्री स्वयं ईडी की रडार पर हैं। हालांकि मुख्यमंत्री यह कहते आ रहे हैं कि इस पर रोक लगाने की जिम्मेदारी केंद्र सरकार की है। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री को चिट्ठी लिखकर मामले को फिर से सुर्खियों में ला दिया है।





अपना खुद का न्यूज पोर्टल बनवाएं
पूर्ण Registration के साथ
+91 9303890212



स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक जितेन्द्र जायसवाल द्वारा जायसवाल प्रिंटिंग प्रेस राघवपुरी, डीगमा, अम्बिकापुर, छत्तीसगढ़ से प्रकाशित एवं मुद्रित। संपादक जितेन्द्र जायसवाल। मो.नं.-09424262547